न्यायालय अनुमंडल पदाधिकारी, महागामा

पी0ए0 केश नं0– 07/22–23
मो0 तोफेल अहमद बनाम् रैयान मौजा–मनान करहरिया
पी0ए0 केश नं0– 07/18–19
मनमोहन कोड़ा बनाम् रैयान मौजा–मनान करहरिया

–: आदेश :–

08.04.2023

वर्तमान वाद आवेदकगण मो0 तोफेल अहमद, पे0–स्व0 उमर जिलानी, सा0–हीर करहरिया एवं मनमोहन कोड़ा, पे0–विरू कोड़ा, अशोक कोड़ा, पे0–बिशु कोड़ा, दोनो सा0–मनान करहरिया, थाना व अंचल–महागामा, जिला–गोड्डा ने संथाल परगना काश्तकारी (पूरक) अधिनियम, 1949 के तहत् मौजा– मनान करहरिया नं0–644 के ग्राम प्रधान बहाली हेतु आवेदन दिया। प्रकिया प्रारंभ कर नोटिस निर्गत किया एवं अंचल अधिकारी, महागामा से जाँच प्रतिवेदन की माँग की गई।

आवेदकगण के विज्ञ अधिवक्ता को सुना एवं अभिलेख में संलग्न कागजात का अवलोकन किया।

अंचल अधिकारी, महागामा ने अपने पत्रांक–180/रा0, दिनांक–18.02.2021, पत्रांक–31/रा0, दिनांक–05.01.2023, पत्रांक–243/रा0, दिनांक–17.02.2023 एवं पत्रांक–480/रा0, दिनांक–27.03.2023 से जांच प्रतिवेदन समर्पित किया है। उक्त प्रतिवेदन में प्रतिवेदित किया गया है कि आवेदक मो0 तोफेल अहमद प्रासंगिक मौजा–मनान करहरिया के पूर्व प्रधान स्व0 मो0 उमर जिलानी के ज्येष्ठ पुत्र हैं। पूर्व प्रधान स्व0 मो0 उमर जिलानी की पत्नी जीनत खातुन के द्वारा शपथ पत्र सं0–32043, दिनांक–13.12.2022 के माध्यम से आवेदक मो0 तोफेल अहमद को प्रधान पद पर नियुक्ति हेतु सहमति प्रदान की गई है। जबकि आवेदक मनमोहन कोड़ा एवं अशोक कोड़ा पूर्व प्रधान के वंशज में नहीं आते हैं, जिस कारण इनका आवेदन खारिज किया जाता है।

आवेदक मो0 तोफेल अहमद के आवेदन के विरूद्ध उक्त मौजा के 16 आना रैयत से किसी भी प्रकार का आपत्ति प्राप्त नहीं होने तथा आवेदक उक्त मौजा के पूर्व प्रधान के पुत्र होने एवं अंचल अधिकारी, महागामा से प्राप्त जांच प्रतिवेदन तथा अनुशंसा के आधार पर संथाल परगना काश्तकारी (पूरक) अधिनियम, 1949 की धारा–6 के तहत् मौजा–मनान करहरिया नं0–644 का प्रधान आवेदक मो0 तोफेल अहमद को नियुक्त किया जाता है।

अतः नवनियुक्त प्रधान मो0 तोफेल अहमद को आदेश दिया जाता है कि उक्त मौजा का वार्षिक खजाना कोषागार में जमाकर चालान की प्रति के साथ संथाल परगना काश्तकारी (पूरक) अधिनियम, 1949 की धारा–7 के तहत् कबूलियत और जमानत दाखिल कर पट्टा प्राप्त करेंगे। अंचल अधिकारी, महागामा को सूचित करें।

लेखापित एवं संशोधित।

08.04.23

अनुमंडल पदाधिकारी,
महागामा।

08.04.23

अनुमंडल पदाधिकारी,
महागामा।

Digitally signed by SAURABH KUMAR BHUWANIA
Date: 2023.09.21 13:58:00 +05:30
Location: 192.168.1.33

F/Order.

Scanned with OKEN Scanner